Out of the pilots recruited, in Air India 1 co-pilot and 2 trainee pilots. in Indian Airlines 12 trainee pilots and in Vayudoot none of the pilots are the wards of serving employees.

पासों को मान्यता देने के लिये प्राइवेट बसों को दिल्ली परिवहन निगम द्वारा किया गया भुगतान

895. **श्री राम जेठमलानी :**
सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :

क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली में विभिन्न मार्गों पर प्राइवेट बसें "कमाओ और रखो" पद्धति पर चलाई जा रही हैं ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि दिल्ली परिवहन निगम को इस पद्धति के अन्तर्गत चलाई जा रही बसों को पास होल्डरों को यात्रा सुविधा के एवज में एक निश्चित धनराशि का भुगतान करना पड़ता है ; और

(ग) यदि हां, तो मार्च, 1988 से मार्च, 1989 तक प्राइवेट बसों के मालिकों को कुल कितनी धन राशि भुगतान किया गया ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री राजेश पायलट) : (क) और (ख) जी, हां ।

(ग) वर्ष 1988-89 के लेखा को बन्द करने का काम अभी चल रहा है, । तथापि, अनंतिम आंकड़ों के आधार पर मार्च, 1988 से मार्च, 1989 तक की अवधि में पासधारकों को लाने-ले जाने वाली प्राइवेट बसों को 3.12 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया । दिल्ली परिवहन निगम द्वारा बेचे गये पासों के प्रति उत्तरदायी होने के लिये यह रकम पासों से हुई आय दिल्ली परिवहन निगम और प्राइवेट आपरेटरों के बीच यथानुपात वितरण के अनुसार है ।

डी०टी०सी० का यात्री सेवाओं का राष्ट्रीयकरण का प्रस्ताव

896. **श्री राम जेठमलानी :**
सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :

क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली परिवहन निगम ने संघ शासित क्षेत्र, दिल्ली में सभी प्रकार के सड़क यातायात पर आधारित यात्री सेवाओं का तत्काल राष्ट्रीयकरण करने से संबंधित एक प्रस्ताव सरकार को भेजा है ;

(ख) यदि हां, तो सरकार को उपर्युक्त प्रस्ताव का कब प्राप्त हुआ है; और

(ग) क्या यह भी सच है कि सरकार अप्रैल, 1989 तक इस संबंध में कोई निर्णय लेने में असमर्थ प्रतीत होती है, यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और इस मामले में कब तक निर्णय लिये जाने की संभावना है?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री राजेश पायलट) : (क) से (ग) दिल्ली परिवहन निगम ने 29-12-1988 को एक प्रस्ताव का प्रारूप भेजा था जिसमें संघ राज्य क्षेत्र दिल्ली के संपूर्ण क्षेत्र में उनके प्रचालनों के लिये क्षेत्रीय राष्ट्रीयकरण का और अन्तर्राज्यीय रूटों पर प्राइवेट प्रचालनों के अधिग्रहण का भी सुझाव दिया गया है । प्रस्ताव में कई कमियां पाई गई । दिल्ली परिवहन निगम से इन कमियों को दूर करने के लिये कहा गया है ताकि सरकार द्वारा प्रस्ताव पर विचार किया जा सके ।

CCS AConduct) Rules fo, employees of Kendriya Vidyalaya Sangathan

897. PROF. C. LAKSHMANNA;

SHRIMATI BIJOYA CHAKRAVARTY-

Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased .to state:

(a) whether it i, a fact that Kendriya Vidyalaya Sangathan has ex-